कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–3/भौगकृ/भौतिक/स्थानांतरण/2020–21/1–176 दिनांक– 04.01.2021 के तहत् श्री अशोक कुमार अग्रवाल, व्याख्याता (भौतिक विज्ञान) राउमावि गंगरार (चित्तौड़गढ़) का स्थानांतरण राउमावि नीमवालकोट (बाड़मेर) किया गया। श्री अशोक कुमार अग्रवाल ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में **अपील संख्या 624/2021 श्री अशोक कुमार अग्रवाल बनाम सचिव, स्कूल शिक्षा, शासन सचिवालय, जयपुर एवं अन्य दायर** की गई।

उक्त अपील में माननीय सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर ने अपने निर्णय दिनांक 28.01.2021 में स्थानान्तरण आदेश दिनांक 04.01.2021 का कियान्वयन अपीलार्थी के पदस्थापन के संबंध में चार सप्ताह तक स्थगित रहने एवं अपीलार्थी को वहीं कार्यरत रखें जाने जहां वह चुनौती आदेश पारित किये जाने से पूर्व कार्यरत था के निर्देश प्रदान किये है। अपीलार्थी श्री अशोक कुमार अग्रवाल ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर पूर्व पदस्थापित स्थान राउमावि गंगरार (चित्तौड़गढ़) में व्याख्याता भौतिक विज्ञान का पद आदिनांक तक रिक्त होने के आधार पर अपना पदस्थापन यथावत रखे जाने हेतु निवेदन किया है।

माननीय अधिकरण के निर्णय की पालना में एवं राज्य सरकार और विभाग के दिशा निर्देशों/परिपत्रों और नियमों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। अपीलार्थी श्री अशोक कुमार अग्रवाल का समायोजन राउमावि गंगरार (चित्तौड़गढ़) में व्याख्याता भौतिक विज्ञान के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारित किया जाता है।

सभी संबंधित पक्षकार सूचित हो।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–3/भौगकृ/अभ्यावेदन/अशोक अग्रवाल/को.के/20–21 दिनांकः 08.02.2021

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय)
4. संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा,
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्रधानाचार्य
9. कार्मिक श्री अशोक कुमार अग्रवाल, व्याख्याता (भौतिक विज्ञान)
10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

D:/17.12.16/desktop/court